आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 19.05.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुःख व्यक्त किया। कहा– उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी अपूरणीय क्षति है।
- प्रदेश सरकार, बड़े स्तर पर नई पार्किंग योजनाओं पर कर रही काम। यातायात और जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी।
- पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने नंदा देवी ईस्ट ट्रैकिंग अभियान के लिए 26 सदस्यीय छात्र–छात्राओं के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए बाल संस्कार शिविर का आयोजन।

पूर्व मुख्यमंत्री निधन

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी का आज निधन हो गया। वे लम्बे से बीमार थे और देहरादून के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। वे केंद्र सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री रहे और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने दो कार्यकालों में सेवा दी। उनका राजनीतिक जीवन सादगी, पारदर्शिता और सुशासन के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सार्वजनिक जीवन में भी उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। उन्होंने प्रदेशहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेकर विकास को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय खंडूड़ी की सादगी, स्पष्टवादिता और कार्यकुशलता सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

पार्किंग योजनाएं

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के अन्य शहरों में बढ़ते यातायात और जाम की समस्या से लोगों को जल्द राहत मिलेगी। इसके लिए राज्य सरकार, बड़े स्तर पर नई पार्किंग योजनाओं पर काम कर रही है, ताकि शहरों की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

आवास व राज्य संपत्ति विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि ऐसे कई स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां आधुनिक पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। इससे ज्यादा संख्या में वाहन व्यवस्थित तरीके से पार्क हो सकेंगे और सड़कों पर यातायात का दबाव कम होगा।

कार्रवाई देहरादून

राजधानी देहरादून में नगर निगम की ओर से नदी–नालों को साफ और स्वच्छ बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही नदी–नालों के किनारे कूड़ा–कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खन्ना ने बताया कि पिछले एक महीने में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें लोगों द्वारा नदी–नालों में कूड़ा फेंका गया। नगर निगम की टीम ने ऐसे लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए नोटिस भी जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ शराब विक्रेताओं और कैंटीन संचालकों पर भी गंदगी फैलाने को लेकर कार्रवाई की गई है।

प्रतिनिधिमंडल

ब्लॉक प्रमुख संगठन, उत्तराखंड के प्रतिनिधियों ने देहरादून में कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी को एक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी विभिन्न मांगों और क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों के त्वरित और प्रभावी समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय संगठनों के सुझावों को गंभीरता से लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास का मार्ग गांवों और विकासखंडों से होकर गुजरता है तथा इस प्रक्रिया में ब्लॉक प्रमुखों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुए स्वरोजगार को बढ़ावा देने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है।

ट्रैकिंग अभियान

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने नंदा देवी ईस्ट ट्रैकिंग–मिलम ग्लेशियर अभियान के लिए चयनित 26 सदस्यीय छात्र–छात्राओं के दल को आज सुबह हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष ट्रैकिंग अभियान जिला योजना के अंतर्गत वित्तपोषित है, जिसका संचालन पर्यटन विभाग कर रहा है। अभियान के दौरान अनुभवी गाइड और प्रशिक्षकों की टीम भी दल के साथ रहेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के अभियान युवाओं में साहस, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक और सांस्कृतिक विशेषताओं से जोड़ने के उद्देश्य से इस प्रकार के ट्रैकिंग अभियानों का आयोजन किया जा रहा है।

जागरूकता अभियान

ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए महिला कल्याण विभाग और समाजसेवी संस्थाओं की ओर से बाल संस्कार शिविर आयोजित किया गया। जगपुरा आवास विकास स्थित बालिका विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में आयोजित शिविर में बच्चों को बाल अधिकार, पॉक्सो एक्ट, गुड टच–बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम और साइबर अपराध से जुड़ी अहम जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी ब्योमा जैन ने छात्र–छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 और पुलिस हेल्पलाइन 112 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

छात्रा सुनैना ने बताया कि उन्हें शिविर के माध्यम से बच्चों के अधकार को लेकर काफी महत्वपूर्ण जानकारी मिलीं।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना है। विशेष रूप से हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और देहरादून जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने सभी जिलों को अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को देखते हुए आमजन को आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग को हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और गर्मी जनित बीमारियों से निपटने के लिए अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है।